महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

स्नातक (B.A./B.Sc./B.Com./B.Ed./B.C.A.)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर 3 वर्षीय (6 सेमेस्टर) सी.बी.सी.एस. (Choice Based Credit System) प्रणाली लागू है। विद्यार्थी निम्नलिखित विषय संयुक्तियों में से नियमानुसार कोर्स/विषय समूह का चयन कर सकता है।

कला संकाय (बी.ए.) : निम्न कोर्स/विषय समूह उपलब्ध हैं। प्रत्येक ग्रुप से केवल एक कोर्स/विषय लिया जा सकता है-

ग्रुप 'ए'	समाजशास्त्र/भूगोल/मनोविज्ञान/रक्षा अध्ययन/गृह विज्ञान/शारीरिक शिक्षा/कम्प्यूटर एप्लिकेशन
ग्रुप 'बी'	प्राचीन इतिहास/इतिहास/अंग्रेजी/संस्कृत/गणित
ग्रुप 'सी'	राजनीतिशास्त्र/अर्थशास्त्र/हिन्दी/शिक्षाशास्त्र

विज्ञान संकाय (बी.एस-सी.) : निम्नलिखित कोर्स/विषय/ग्रुप में से कोई एक ही कोर्स/विषय/ग्रुप लिया जा सकता है-

ग्रुप 'ए'	गणित एवं भौतिकी के साथ रसायन शास्त्र, रक्षा अध्ययन, भूगोल, मनोविज्ञान, कम्प्यूटर साइंस में से कोई एक
ग्रुप 'बी'	गणित एवं सांख्यिकी के साथ भौतिकी, रक्षा अध्ययन, भूगोल, मनोविज्ञान, कम्प्यूटर साइंस में से कोई एक
ग्रुप 'सी'	प्राणि विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के साथ रसायन शास्त्र, रक्षा अध्ययन, भूगोल, मनोविज्ञान में से कोई एक

बी.सी.ए. : महाविद्यालय में वर्तमान सत्र से स्नातक स्तर पर 3 वर्षीय (6 सेमेस्टर) बी.सी.ए. पाठ्यक्रम भी संचालित होगा। बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में 60 सीट उपलब्ध हैं।

वाणिज्य संकाय (बी.काम.) : महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर बी.काम. 3 वर्षीय (6 सेमेस्टर) पाठ्यक्रम उपलब्ध है। बी.काम. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों की संख्या 180 है।

बी.एड्. : महाविद्यालय में शिक्षा संकाय के अन्तर्गत सी.बी.सी.एस. प्रणाली के आधार पर बी.एड्. 2 वर्षीय (4 सेमेस्टर) पाठ्यक्रम संचालित है। शासन द्वारा बी.एड्. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 100 सीट स्वीकृत हैं। बी.एड्. पाठ्यक्रम में प्रवेश राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है।

परास्नातक (M.A./M.Sc./M.Com.)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत परास्नातक स्तर पर 2 वर्षीय (4 सेमेस्टर) सी.बी.सी.एस. (Choice Based Credit System) प्रणाली लागू है।

कला संकाय (एम.ए.) : परास्नातक स्तर पर कला संकाय में निम्नलिखित कोर्स/विषय उपलब्ध हैं -

1. प्राचीन इतिहास (60 सीट)
2. राजनीतिशास्त्र (60 सीट)
3. भूगोल (40 सीट)
4. इतिहास (60 सीट)
5. समाजशास्त्र (60 सीट)
6. गृहविज्ञान (40 सीट)
7. हिन्दी (60 सीट)

विज्ञान संकाय (एम.एस-सी.) :

परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत महाविद्यालय में **रसायन शास्त्र (20 सीट)** पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

वाणिज्य संकाय (एम.काम.) :

परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत महाविद्यालय में **एम.काम. (60 सीट)** पाठ्यक्रम उपलब्ध है।